# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 10.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### संयंत्र

राज्य सरकार नाहन, नालागढ़, मोहाल और रोहड़ू में नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा हमीरपुर ज़िले के जलाड़ी में दूध शीतलन केन्द्र और ऊना ज़िले के झलेड़ा में बल्क मिल्क कूलर स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नए संयंत्रों के स्थापित होने से दूध खरीद में वृद्धि होगी और पशुपालकों को दूध के उचित दाम मिलेंगे। इसके साथ ही दूध खरीद के गुणवत्ता मानकों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस कदम से सरकार की आय में वृद्धि सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### पौधरोपण

ऊना ज़िले में इस वर्ष 50 हैक्टेयर भूमि पर करीब 2 लाख 78 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें औषधीय और फलदार दोनों तरह के पौधे शामिल हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली में वन महोत्सव के दौरान बताया कि ऊना ज़िले में कुल 21 हज़ार हैक्टेयर वन भूमि है और हरोली में वनों का घनत्व सबसे कम है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में वन घनत्व बढ़ाने के लिए विभाग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हर घर तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली गहरी देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया।

**अभियान**

इस बीच भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में आज से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में कोटखाई क्षेत्र के पराली–बदरूनी में उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। करीब एक करोड़ 28 लाख रूपये से बनी इस योजना से क्षेत्र के पांच गांवों के एक हज़ार लोग लाभान्वित होंगे। एक जनसभा में रोहित ठाकुर ने बताया कि जुब्बल, नावर और कोटखाई क्षेत्र के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य चल रहा है। इसके तहत 38 करोड़ रूपये की लागत से पब्बर नदी से 27 पंचायतों के लिए पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से राजधानी शिमला सहित कई अन्य क्षेत्रों में दोपहर बाद वर्षा हुई है। पिछले दिनों हुई व्यापक वर्षा के बाद राज्य के कुछ क्षेत्रों में अभी भी जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 11 से 14 अगस्त तक राज्य में मॉनसून की वर्षा में वृद्धि देखने को मिलेगी। इस अवधि में राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**नमस्कार।**